Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 20-04-2005

Participants : Rawat Prof. Rasa Singh

Title: Need to provide special economic package for all-round development of Ajmer and Pushkar cities in Rajasthan with a view to promote tourism in the region.

प्रो. रासा सिंह रावत (अजमेर) : महोदय, अजमेर और पुकर पर्यटन की दृटि से अत्यन्त महत्वपूर्ण स्थान हैं। राजस्थान के बीचों-बीच स्थित होने के कारण इन पर्यटन स्थलों पर आसानी से पहुंचा जा सकता है। राजस्थान में आने वाला हर पर्यटक अजमेर और पुकर भी अवश्य आने को लालायित रहता है। पर्यटन के ही एक महत्वपूर्ण अंग तीर्थाटन एवं प्राचीन इतिहास तथा पुरातत्व की दृटि से भी इन स्थानों का विशिट महत्व है। पुकर सरोवर में रेत अत्यधिक इकट्ठी हो गई है। प्राकृतिक स्रोत अवरुद्ध हो गये हैं। अतः पुकर सरोवर से मिट्टी निकालने, इसे साफ-सफाई तथा प्रदूाण से मुक्त रखने तथा सुचारू जल व्यवस्था बनाये रखने की अत्यंत आवश्यकता है। अजमेर की सड़कें भी अत्यधिक जीर्ण-शीर्ण हैं।

अतः भारत सरकार से अनुरोध है कि विश्व पर्यटन मानचित्र पर अजमेर और पुकर को महत्ता प्रदान करने हेतु इन दोनों ऐतिहासिक, धार्मिक, शैक्षिक एवं पुरातात्विक तथा सांस्कृतिक महत्व के नगरों में आधारभूत संसाधनों के विकास हेतु विशेा आर्थिक सहायता प्रदान की जाए, जिससे इनका सर्वांगीण विकास किया जा सके।